सं.ए-12026/6/2012-एडी.I

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

नॉर्थ ब्लॉक,

नई दिल्ली, 12th सितम्बर, 2012

**परिपत्र**

विषय: वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग में 15600-39100 रु0 के वेतन बैंड-3 + 5400 रु (ग्रेड वेतन) [8000-275-13500 रु0 (पूर्व संशोधित)] के वेतनमान में सहायक निदेशक के पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के संबंध में।

वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग में 15600-39100 रु0 के वेतन बैंड-3 + 5400 रु (ग्रेड वेतन) [8000-275-13500 रु0 (पूर्व संशोधित)] के वेतनमान में सहायक निदेशक के 04 (चार) पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है। पद का विवरण, पात्रता शर्तें आदि अनुबंध-I में दी गई हैं।

2. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की शर्तें, समय-समय पर यथा संशोधित कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17/06/2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्टै. (वेतन II) के संदर्भ में शासित होंगी।

3. अनुरोध है कि इस पद के लिए विचार किए जाने के इच्छुक ऐसे पात्र उम्मीदवारों के आवेदन जिन्हें चयन के पश्चात् तत्काल कार्यमुक्त किया जा सके, अनुबंध-II में निर्धारित प्रपत्र में उनके जीवन-वृत्त, पूर्ण एवं अद्यतन एसीआर डोजियर (फोटो प्रतियों के मामले में उन्हें कम से कम भारत सरकार के अवर सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित किया जाए), सतर्कता अनापत्ति, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई छोटी/बड़ी शास्तियों के विवरण के साथ उचित माध्यम से इस प्रकार भेजे जाएं के वे रोजगार समाचार में इस कार्यालय ज्ञापन के प्रकाशन के 45 दिन के अन्दर, अवर सचिव (प्रशासन), व्यय विभाग, कमरा सं. 225(ई), नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001 के पास पहुंच जाएं। उपर्युक्त दस्तावेजों के बगैर और नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि आवेदकों का चयन कर लिया जाता है, तो बाद में उन्हें अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बिप्लब

(बिप्लब कुमार रॉय)

अवर सचिव, भारत सरकार

फोन:23095695

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव।
2. संपादक (विज्ञापन), रोजगार समाचार, ईस्ट ब्लॉक-4, लेवल-5, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-66
3. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को वित्त मंत्रालय की वेबसाइट और 'ऑन लाइन नोटिस बोर्ड' पर अपलोड किया जाए।
4. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, कमरा सं.11/ए, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि रिक्ति संबंधी इस परिपत्र को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाए।
5. गार्ड फाइल-2012

**अनुबंध-I**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मंत्रालय/विभाग | : | वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग | | |
| 2. | पद का नाम और वर्गीकरण | : | सहायक निदेशक, सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित, गैर-लिपिकीय | | |
| 3. | वेतनमान | : | 15600-39100 रु0 का वेतन बैंड-3 + 5400 रु (ग्रेड वेतन) [8000-275-13500 रु0 (पूर्व संशोधित)] | | |
| 4. | भर्ती की विधि | : | प्रतिनियुक्ति के आधार पर | | |
| 5. | योग्यता शर्तें | : | केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्र के अधिकारी | | |
| | | | (क) | (i) | नियमित आधार पर सदृश पदधारक; अथवा |
| | | | | (ii) | 6500-10500 रु0 (पूर्व संशोधित) अथवा समतुल्य वेतनमान के पदों पर 5 वर्ष की निसमित सेवा; और |
| | | | | (iii) | 5500-9000 रु0 (पूर्व संशोधित) अथवा समतुल्य वेतनमान के पदों पर 8 वर्ष की नियमित सेवा; और |
| | | | (ख) | निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं रखते हों: | |
| | | | | (i) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सांख्यिकी या गणित या अर्थशास्त्र या वाणिज्य (सांख्यिकी सहित) में मास्टर डिग्री अथवा समकक्ष; या<br><br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में गणित या सांख्यिकी या अर्थशास्त्र या वाणिज्य (सांख्यिकी सहित) के साथ डिग्री अथवा समकक्ष; और केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से सांख्यिकी में दो वर्षीय स्नातकोत्तर प्रशिक्षण के बाद प्राप्त डिप्लोमा। |
| | | | | (ii) | अनुप्रयुक्त सांख्यिकी अथवा उपर्युक्त किसी एक विषय में तीन वर्ष का अनुभव; अथवा<br><br>आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं के संबंध में सर्वेक्षण निर्देशन अथवा शोध अध्ययन में तीन वर्ष का अनुभव। |
| 6. | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख | : | रोजगार समाचार में इस परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन। | | |

(इस नियुक्ति से ठीक पहले केन्द्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)

## जीवन-वृत्त प्रपत्र

1. पद जिसके लिए आवेदन किया गया है : सहायक निदेशक

2. नाम और पता स्वच्छ अक्षरों में :

3. जन्म तिथि :

4. केन्द्र सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख :

5. शैक्षिक योग्यताएं :

| क्र.सं. | उम्मीदवार की शैक्षिक योग्यताएं | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्रतिशत/श्रेणी/डिवीजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

6. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी हैं (यदि किसी योग्यता को नियमों में विहित किसी योग्यता के समतुल्य माना गया है, तो उसके प्राधिकारी का उल्लेख करें) :

| अपेक्षित योग्यता/अनुभव | प्राप्त योग्यता/अनुभव |
|---|---|
| | |

7. कृपया उपर्युक्त प्रविष्टियों के आलोक में स्पष्ट करें कि क्या आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं :

8. काल क्रमानुसार रोजगार का विवरण (यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो कृपया अपने हस्ताक्षर से विधिवत् अधिप्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें)

| मंत्रालय/विभाग | धारित पद | कब से | कब तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | ड्यूटी का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

9. वर्तमान रोजगार का स्वरूप अर्थात तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्धस्थायी अथवा स्थायी। :

10. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया बताएं :

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ख) | प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि | : | |
| (ग) | अपने मूल कार्यालय/संगठन का नाम | : | |
| 11. | वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण। कृपया बताएं कि आप किसके अधीन कार्यरत हैं: | : | |
| (क) | केन्द्र सरकार | : | |
| (ख) | राज्य सरकार | : | |
| (ग) | स्वायत्त उपक्रम | : | |
| (घ) | विश्वविद्यालय | : | |
| (ङ) | अन्य (कृपया उल्लेख करें) | : | |
| 12. | कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड में हैं अथवा फीडर ग्रेड के फीडर में। | : | |
| 13. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जब से संशोधन हुआ था तथा पूर्व संशोधित वेतनमान भी बताएं। | : | |
| 14. | इस समय आहरित कुल मासिक परिलब्धियां | : | |
| 15. | अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं। | : | |
| 16. | क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं | : | |
| 17. | अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो | : | |
| 18. | नियुक्ति का विकल्प | : | लागू नहीं |
| 19. | टिप्पणी, यदि कोई हो | : | |

उम्मीदवार के हस्ताक्षर ...............................................

पत्राचार का पता ...............................................

...............................................

...............................................

आवेदक द्वारा दिए गए सेवा विवरण का, सेवा रिकार्ड के संदर्भ में सत्यापन किया गया है और सही पाया गया है।

(i) प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरूद्ध कोई सतर्कता मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है।

(ii) प्रमाणित किया जाता है कि पिछले 10 वर्ष के दौरान अधिकारी पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है।

(iii) प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी की सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

मुहर के साथ सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर